हरिभूमि
गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 5 मई 2026

04 आईपीएल के सट्टा रैकेट का पर्दाफाश: गुना पुलिस की...

07 शहर की यातायात व्यवस्था भगवान भरोसे

नगर के इवेंट

निशुल्क प्याऊ का शुभारंभ कल एसडीएम चाचौड़ा करेंगे उद्घाटन

चाचौड़ा। भीषण गर्मी को देखते हुए नागरिकों को राहत देने के उद्देश्य से पत्रकार संघ चाचौड़ा के तत्वावधान में निशुल्क प्याऊ की व्यवस्था की जा रही है। इस पहल का शुभारंभ कल एसडीएम चाचौड़ा द्वारा किया जाएगा।पत्रकार संघ के देखरेख में 21 कैम्पर नागरिकों द्वारा दान किए गए हैं, जिनसे एक माह तक फ़िल्टर आरो पानी की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही कुल 10 मटके भी विभिन्न स्थानों पर रखे जाएंगे, ताकि राहगीरों को ठंडा पेयजल उपलब्ध हो सके। प्याऊ तीन प्रमुख स्थानों—मोनू की दुकान, तहसील परिसर और बीनागंज सब्जी मंडी (चाचौड़ा रोड) पर स्थापित किए जाएंगे। इनमें से चाचौड़ा रोड स्थित बीनागंज सब्जी मंडी और तहसील परिसर में 10-10 मटकों की व्यवस्था की जा रही है।प्याऊ में उपयोग किए जा रहे कैम्पर दानदाताओं के नाम भी अंकित किए गए हैं। यह पहल समाज सेवा और जनहित का उत्कृष्ट उदाहरण मानी जा रही है, जिससे गर्मी के मौसम में आमजन को बड़ी राहत मिलेगी। सभी पत्रकार एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे।

मधुसूदनगढ़ में भीषण जाम, 2 घंटे तक थमा यातायात, प्रशासन नदारद

मधुसूदनगढ़। नगर में सोमवार को करीब 2 घंटे तक भीषण जाम की स्थिति बनी रही, जिससे आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। मुख्य मार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यातायात पूरी तरह से ठप हो गया।

जाम के कारण स्कूल जाने वाले छात्र, मरीज एवं दैनिक कार्यों के लिए निकले लोग खासे प्रभावित हुए। स्थानीय लोगों का आरोप है कि मौके पर न तो पुलिस बल मौजूद था और न ही प्रशासन की ओर से कोई वैकल्पिक व्यवस्था की गई, जिससे स्थिति और बिगड़ गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जाम के दौरान कई एम्बुलेंस और आवश्यक सेवाओं से जुड़े वाहन भी फंसे रहे, जिससे लोगों में आक्रोश देखा गया। नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि भविष्य में ऐसी स्थिति से निपटने के लिए ठोस यातायात प्रबंधन किया जाए और जिम्मेदार अधिकारियों की तैनाती सुनिश्चित की जाए।

आज सुबह 9 से 10 बजे तक संबंधित क्षेत्रों का विद्युत प्रवाह बाधित रहेगा

गुना । सहायक प्रबंधक, विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड गुना द्वारा दी गई जानकारी अनुसार शहर अंतर्गत कमला पेट्रोल पंप पर 5 प्रतिशत सुपरविजन कार्य होने से 5 मई सुबह 9 बजे से 10 बजे तक 33 केव्ही एआई वाले उच्चदाब उपभोक्ता तथा 11 केव्ही कुशमौदा एवं इण्डस्ट्रीयल फीडर अंतर्गत विध्यांनचल कॉलोनी, बलवंत नगर, विकास नगर, शुक्ला कॉलोनी, खेडाप्रति कॉलोनी, एवन कॉलोनी, गुप्ता कॉलोनी, महावीरपुरा, कस्तुरवा नगर, पोरवाल कॉलोनी एवं मारूति शोरूम एवं पुराना औधोगिक क्षेत्र का विद्युत प्रवाह बाधित रहेगा। उक्त विद्युत कटौती की समयावधि आवश्यकतानुसार घटाई अथवा बढ़ाई भी जा सकती है।

कर्मचारियों को सम्मानित किया

गुना । कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के नवाचार के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। कलेक्ट्रेट सभागार में कलेक्टर कार्यालय गुना के सहायक ग्रेड 03 श्री रवि भार्गव, नजूल शाखा से कम्प्यूटर ऑपरेटर श्री राहुल रघुवंशी को शासकीय कार्यों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनका सम्मान किया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत अभिषेक दुबे सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे।

गुना में जनगणना सर्वे के दौरान हंगामा

गोद में बच्चा लिए सर्वे कर्मी से भिड़ी महिला, दोनों सड़क पर गिरीं

परिवार की बच्चियों ने भी किया हमला, रजिस्टर फाड़ा

वार्ड क्रमांक 11 में रविवार को हुई घटना, जांच में जुटा प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शहर के वार्ड क्रमांक 11 में जनगणना सर्वे के दौरान रविवार को उस समय हंगामा खड़ा हो गया, जब एक महिला सर्वे कर्मचारी और स्थानीय परिवार की महिला के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि मामला मारपीट तक पहुंच गया। इस घटना में सर्वे कर्मी और महिला दोनों सड़क पर गिर गईं, जिसके बाद परिवार की अन्य बच्चियों ने भी सर्वे कर्मचारी के साथ हाथापाई कर दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सर्वे टीम वार्ड में घर-घर जाकर जनगणना से संबंधित जानकारी एकत्र कर रही थी। इसी दौरान एक घर में जानकारी लेने को लेकर विवाद शुरू हुआ। देखते ही देखते बहस ने उग्र रूप ले लिया और घर की महिला ने गोद में बच्चा लिए सर्वे कर्मी से धक्का-मुक्की शुरू कर दी।

सड़क पर गिराकर की मारपीट

विवाद के दौरान दोनों महिलाएं संतुलन खोकर सड़क पर गिर गईं। इसके बाद परिवार की अन्य बच्चियों ने भी हस्तक्षेप करते हुए सर्वे कर्मचारी के साथ मारपीट शुरू कर दी। मौके पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव की कोशिश की, लेकिन कुछ देर तक स्थिति तनावपूर्ण बनी रही।

रजिस्टर फाड़ने का आरोप

घटना के दौरान सर्वे कर्मचारी के पास मौजूद रजिस्टर को भी फाड़ दिए जाने की बात सामने आई है। इससे सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न हुई है। बताया जा रहा है कि कर्मचारी ने घटना की सूचना अपने वरिष्ठ अधिकारियों को दे दी है।

प्रशासन कर रहा जांच

मामले की जानकारी मिलते ही संबंधित विभाग और प्रशासनिक अधिकारियों ने जांच शुरू कर दी है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि विवाद की शुरुआत किस बात को लेकर हुई थी, लेकिन अधिकारियों का कहना है कि दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी घटना

इस घटना के बाद वार्ड क्रमांक 11 में लोगों के बीच चर्चा का माहौल है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इस तरह की घटनाएं सरकारी कार्यों में बाधा उत्पन्न करती हैं और सर्वे कर्मचारियों की सुरक्षा को लेकर भी सवाल खड़े करती हैं। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे जनगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में सहयोग करें और किसी भी प्रकार के विवाद से बचें।

फ्री बीज वितरण व खेती के सीजन का असर, मनरेगा में मजदूरों की घटती उपस्थिति

कई पंचायतों में काम अधूरा पड़ा मजदूरों की उपलब्धता बनी चुनौती

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

खास खबर

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के तहत जिले में चल रहे विकास कार्य इन दिनों मजदूरों की कमी से जूझ रहे हैं। पंचायत स्तर पर मिली जानकारी के अनुसार, कई जगहों पर मजदूर काम पर नियमित रूप से नहीं आ रहे हैं, जिससे प्रोजेक्ट की गति धीमी हो गई है।

कार्डधारी पर्याप्त संख्या में जमीन पर कम

ग्रामीण क्षेत्रों में मनरेगा के तहत जॉब कार्डधारी तो पर्याप्त संख्या में हैं, लेकिन वास्तविक उपस्थिति अपेक्षाकृत कम देखी जा रही है। कई ग्राम पंचायतों में 100-150 पंजीकृत मजदूरों में से औसतन 40-60 मजदूर ही साइट पर पहुंच रहे हैं कुछ पंचायतों में यह संख्या 30% तक सिमट गई है। सचिवों और रोजगार सहायकों के अनुसार, (नाम न छापने की शर्त पर बताया) मजदूरों का रुझान अस्थिर है । एक-दो दिन काम करने के बाद वे अन्य कार्यों में लग जाते हैं।

फ्री बीज योजना और खेती का असर

इस समय कृषि गतिविधियां तेज होने के कारण मनरेगा पर सीधा असर पड़ा है। शासन द्वारा किसानों को मुफ्त बीज वितरण के चलते ग्रामीण मजदूर अपने खेतों में व्यस्त हो गए हैं।ग्रामीणों का कहना है कि खेती का काम प्राथमिकता है, क्योंकि इससे सीधे आमदनी होती है, जबकि मनरेगा भुगतान में देरी भी होती है।

जिले में मनरेगा के तहत चल रहे प्रमुख कार्य

तालाब गहरीकरण और निर्माण
कच्ची सड़क निर्माण
नाली एवं जल संरक्षण कार्य
पौधरोपण (वन विभाग के सहयोग से)

स्थिति इस प्रकार सामने आई

कई तालाब और जल संरक्षण कार्यों की डेडलाइन मार्च–अप्रैल 2026 निर्धारित थी

इनमें से बहुत से कार्य अब भी अधूरे हैं

कुछ प्रोजेक्ट 1 से 3 महीने तक लेट हो चुके हैं।

उधर जनपद स्तर के अधिकारियों का कहना है कि मजदूरों को लगातार काम पर लाने के लिए मॉनिटरिंग बढ़ाई जा रही है। जागरूकता के प्रयास किए जा रहे हैं।कृषि सीजन खत्म होने के बाद काम में तेजी आने की उम्मीद है।

और यह भी देखने को मिला कि

जहां भुगतान समय पर हुआ, वहां मजदूरों की उपस्थिति बेहतर रही जहां मजदूरी लंबित है, वहां लोग मनरेगा से दूरी बना रहे हैं। गौरतलब है कि मनरेगा का उद्देश्य ग्रामीणों को 100 दिन का रोजगार देना है, लेकिन वर्तमान हालात में मजदूरों की अनियमित उपस्थिति, कृषि कार्यों की प्राथमिकता और भुगतान संबंधी समस्याओं के कारण योजना की रफ्तार धीमी पड़ गई है। यदि समय रहते समाधान नहीं हुआ, तो कई विकास कार्य अवरुद्ध हो सकते हैं।

इनका कहना है

कुछ लोग खेती-बाड़ी कर रहे होंगे, लेकिन ज्यादातर लोग नरेगा में ही काम कर रहे है। फ्री बीज से हमारे कामों पर कोई खास फर्क नहीं पड़ रहा है। अभी भी जिले में 14000 से अधिक लोग नरेगा में काम कर रहे हैं। -**अभिषेक दुबे,** सीईओ जिला पंचायत गुना

गुना में अचानक, तेज बारिश हवा के साथ ओले गिरे

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

सोमवार को जिले के मौसम में जबरदस्त उतार-चढ़ाव देखने को मिला। सुबह से पड़ रही भीषण गर्मी और तेज धूप के बाद दोपहर बाद शाम को अचानक मौसम का मिजाज बदल गया।

आसमान में काली घटाएं छाने के साथ ही तेज बारिश ओर हवा का दौर शुरू हुआ, जिससे शहरवासियों को गर्मी से राहत तो मिली, लेकिन पानी, हवा ओर आंधी ने अफरा-तफरी का माहौल पैदा कर दिया।30 मिनट की तेज बारिश, हवा ओर ओले ने गुना का मौसम बदल दिया देखते ही देखते आसमान बादलों से घिर गया। ओले गिरे, करीब 30 मिनट तक हुई तेज बारिश के बाद लोग सुरक्षित ठिकानों की तलाश में इधर-उधर भागते नजर आए। मौसम विभाग के अनुसार बारिश के तीखे तेवर बरकरार रहे मौसम में आए इस अचानक बदलाव के बावजूद शाम के तापमान में खासी गिरावट देखी गई।

अवैध खनन पर प्रशासन सख्त जेसीबी और डंपर जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले में खनिज पदार्थों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध प्रशासन द्वारा लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देश पर खनिज विभाग की टीम ने बीते दिन विभिन्न स्थानों पर आकस्मिक निरीक्षण कर कार्रवाई की।निरीक्षण के दौरान फतेहगढ़ क्षेत्र के ग्रामीण इलाके में एक जेसीबी मशीन से मुरुम का अवैध उत्खनन करते हुए पकड़ा गया, जिसे तत्काल जब्त कर लिया गया। साथ ही फतेहगढ़ में ही एक डंपर को गिट्टी का अवैध परिवहन करते हुए पाए जाने पर उसे भी जब्त कर थाना फतेहगढ़ में खड़ा कराया गया।प्रभारी जिला खनिज अधिकारी सचिन वर्मा ने बताया कि जब्त किए गए सभी वाहनों को संबंधित थाना की अभिरक्षा में रखा गया है। प्रकरण में अर्थदंड के साथ-साथ अन्य वैधानिक कार्रवाई भी प्रस्तावित की गई है। इस कार्रवाई में खनिज अधिकारी सचिन वर्मा, प्रभारी खनिज निरीक्षक शविजय कुमार चक्रवर्ती, थाना प्रभारी फतेहगढ़ सहित खनिज विभाग का अमला एवं अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन के विरुद्ध यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

समय सीमा बैठक में कलेक्टर सख्त लापरवाही पर वेतन कटौती के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में समय सीमा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक हितिका वासल, अपर कलेक्टर अखिलेश जैन, सीईओ जिला पंचायत अभिषेक दुबे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।बैठक की शुरुआत सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा से की गई। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी स्थिति में शिकायतें "नॉट अटेंडेड" नहीं रहनी चाहिए। यदि कोई शिकायत लंबित पाई जाती है तो संबंधित अधिकारी के वेतन में कटौती की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी विभागों को सिटीजन चार्टर के अनुसार निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।मोबाइल कोर्ट को लेकर कलेक्टर ने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि सप्ताह में कम से कम एक मोबाइल कोर्ट का आयोजन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही निराकरण के दौरान मौके पर एसडीएम, एसडीओपी, तहसीलदार या समकक्ष अधिकारी की उपस्थिति अनिवार्य रखने को कहा।बैठक में राहगीर योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार पर जोर दिया गया। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि इस योजना के तहत सड़क दुर्घटना में घायलों को अस्पताल पहुँचाने वाले व्यक्तियों को प्रोत्साहन राशि दिए जाने का प्रावधान है, जिसकी जानकारी आमजन तक प्रभावी रूप से पहुँचाई जाए। ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए परिवहन एवं पुलिस विभाग को संयुक्त रूप से सतत कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।कलेक्टर ने सभी विभाग के अधिकारियों को जिले की पहचान बन चुके सफल मॉडलों को बढ़ावा देने के लिए कहा, जिनमें गुलाब की खेती, अमरूद एवं धनिया उत्पादन शामिल हैं। वहीं कृषि विभाग को प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने एवं किसानों को इसके लिए प्रेरित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में कलेक्टर कन्याल द्वारा लंबित पत्रों की विभागवार समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

अस्पताल परिसर में तंबाकू मुक्त वातावरण बनाए रखने लगातार प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजकुमार ऋषिश्वर के मार्गदर्शन में, जिला अस्पताल परिसर को स्वच्छ और तंबाकू मुक्त बनाए रखने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।टीम सप्ताह में दो बार पूरे परिसर और सभी वार्डों का निरीक्षण करती है। तंबाकू का सेवन करते पाए गए व्यक्तियों पर जुर्माना लगाया जाता है, और साथ ही उन्हें मौके पर परामर्श प्रदान कर तंबाकू छोड़ने के लिए प्रेरित किया जाता है। तंबाकू छोड़ने के इच्छुक व्यक्तियों को तंबाकू व्यसन मुक्ति सेंटर, डेंटल ओपीडी के पास कमरा नंबर 27 में रेफर किया जाता है। राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण नोडल ऑफिसर श्रीमती विनीता सोनी ने बताया कि यह पहल न केवल स्वच्छता बढ़ाने में मदद कर रही है, बल्कि लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने का भी महत्वपूर्ण माध्यम है। आज की कार्रवाई में 12 व्यक्तियों पर कुल 1300 रुपये का जुर्माना लगाया गया। इस अभियान में नमिता खादीकर, मुरारीलाल, रेखा शर्मा, शैलेन्द्र सिंह, आदिल खान और मोनू जाटव का विशेष योगदान रहा।

पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह सलूजा के नेतृत्व में शास्त्री पार्क चौराहा पर ढोल ढमाकों से बांटी खुशियां

बंगाल जीत पर गुना में कार्यकर्ताओं ने झालमुड़ी व आतिशबाजी के साथ मनाया जश्न

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

4 मई की ताजा रिपोर्टों के अनुसार, पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 के शुरुआती रुझानों और नतीजों के बीच, गुना में पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह सलूजा के नेतृत्व में शास्त्री पार्क चौराहा पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़कर और ढोल-नगाड़ों के साथ संभावित जीत का जश्न मनाया। साथ ही कार्यकर्ताओं ने बंगाली मिठाई एवं झालमुड़ी खिलाकर एक दूसरे को बधाई शुभकामनाएं प्रेषित की। जश्न के अवसर पर भाजपा प्रदेश पैनलिस्ट विकास जैन नखराली,वरिष्ठ भाजपा नेता हरिचरण वर्मा, अनिल भार्गव, महेंद्र जादोन, राजेंद्र राठौर, रामकुमार शर्मा, संतोष उरिया, राजू कुशवाह, राजेश श्रीवास्तव, पार्षद गोपाल शाहू, सुरेंद्र सिंह चौहान, अशोक सोनी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

वहीं जिला भारतीय जनता पार्टी द्वारा हनुमान चौराहा पर शाम 5 बजे से बंगाल में भाजपा को मिली ऐतिहासिक जीत का जश्न बड़ी धूमधाम से मनाया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह सिकरवार, विधायक पन्नालाल शाक्य, नगरपालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता सहित भाजपा के सभी प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। जिन्होंने ढोल ढमकों के साथ मिठाई एवं आतिशबाजी चलाकर जीत का जश्न मनाया। साथ ढोल ढमकों पर जमकर थिरके और एक_दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

इस मौके पर बड़ी संख्या पार्टी की महिलाएं भी मौजूद थी। स्थानीय नेताओं ने कहा कि यह जीत विकास और सुशासन की नीति पर जनता की मुहर है। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आभार जताते हुए कहा कि पार्टी आगे भी जनहित में कार्य करती रहेगी।

इस दौरान वरिष्ठ नेताओं ने कार्यकर्ताओं से अनुशासन बनाए रखने और जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का आह्वान किया। जश्न के बीच सुरक्षा व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो।

कुल मिलाकर, इस जीत ने भाजपा कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार किया है और आने वाले समय में संगठन को और मजबूत करने का संदेश दिया है।

समाचार संक्षेप

जनगणना 2027 की तैयारीः अनुविभागीय अधिकारी ने किया ब्लॉक का निरीक्षण

राघौगढ़। गुना जिले में जनगणना 2027 के प्रथम चरण के तहत प्रशासनिक तैयारियाँ तेज हो गई हैं। कलेक्टर एवं प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी गुना किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार, अनुविभागीय अधिकारी एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी (चार्ज जनगणना अधिकारी) ने वार्ड क्रमांक 04 का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान भवन नंबरिंग का कार्य कर रहे प्रगणकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही, अधिकारियों ने मोबाइल ऐप के माध्यम से स्वयं परिवार की जनगणना कर कार्य की प्रक्रिया का प्रत्यक्ष परीक्षण भी किया।इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी के साथ एच.एल.बी. सक्रिल के पर्यवेक्षक एस.सी. आर्य एवं आरिफ खान भी उपस्थित रहे। प्रशासन का उद्देश्य जनगणना कार्य को अधिक सटीक, पारदर्शी और डिजिटल माध्यम से समयबद्ध तरीके से पूरा करना है।

राघौगढ़ धीरपुर तालाब में श्रमदान अभियानः चौथे दिन भी चली सफाई और गहरीकरण की मुहिम

राघौगढ़। नगर स्थित धीरपुर तालाब में चल रहे साफ-सफाई एवं गहरीकरण कार्य के चौथे दिन भी बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक श्रमदान किया।तालाब के पुनर्जीवन के इस अभियान में लोगों की सक्रिय भागीदारी लगातार देखने को मिल रही है, जिससे क्षेत्र में स्वच्छता और जल संरक्षण के प्रति जागरूकता भी बढ़ रही है।इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका राघौगढ़ आदित्य विक्रम सिंह और उनके पुत्र देवादित्य सिंह भी उपस्थित रहे। दोनों ने स्वयं श्रमदान कर रहे नागरिकों का उत्साहवर्धन किया और इस जनभागीदारी आधारित पहल की सराहना की।स्थानीय लोगों के सहयोग से चल रहा यह अभियान तालाब के संरक्षण और सौंदर्यीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

आईपीएल के सट्टा रैकेट का पर्दाफाशः गुना पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 8 सदस्यीय गिरोह पर शिकंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राघौगढ़

गुना जिले में ऑनलाइन सट्टे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने एक संगठित गिरोह का भंडाफोड़ किया है, जो आईपीएल क्रिकेट मैचों पर अवैध सट्टा संचालित कर रहा था।

राघौगढ़ थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गिरोह के दो सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया है, जबकि कुल 08 सदस्यों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश जारी है। पुलिस अधीक्षक गुना हितिका वासल के नेतृत्व में जिले में जुआ और सट्टा जैसी अवैध गतिविधियों पर लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है।

इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन तथा एसडीओपी राघौगढ़ श्रीमती दीपा डोडवे के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई।

मुख्य कार्रवाई

सूचना के आधार पर पुलिस ने ग्राम आवन स्थित राधा कृष्ण मंदिर के पास छापेमारी कर एक आरोपी कमलेश साहू को पकड़ा। उसके मोबाइल की जांच में ऑनलाइन सट्टा वेबसाइट और आईडी संचालन का खुलासा हुआ। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि वह एक संगठित गिरोह का हिस्सा है, जिसमें 08 सदस्य सक्रिय हैं। बाद में साडा कॉलोनी क्षेत्र से एक अन्य आरोपी शक्ति जाटव को भी गिरफ्तार किया गया।

बड़ा वित्तीय खुलासा

पुलिस द्वारा जब्त किए गए मोबाइल फोन से लगभग 23 लाख रुपये के ऑनलाइन ट्रांजेक्शन रिकॉर्ड मिलने का खुलासा हुआ है, जिससे इस रैकेट के बड़े स्तर पर संचालन की पुष्टि हुई है।

कानूनी कार्रवाई

इस मामले में राघौगढ़ थाने में अपराध क्रमांक 98/26 के तहत धारा 4(क) सट्टा अधिनियम एवं 112(1) बीएनएस में प्रकरण दर्ज किया गया है।

पुलिस का संदेश

गुना पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि वे ऑनलाइन सट्टा और अवैध गतिविधियों से दूर रहें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।इस कार्रवाई को जिले में अवैध सट्टा कारोबार के खिलाफ कड़ा संदेश माना जा रहा है।

धार्मिक आयोजन में अर्चना बल्लू चौहान की सहभागिता, मंदिर प्रतिष्ठा में दिया सहयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चांचौड़ा

चाचौड़ा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पालपुर देहरी में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा एवं राधा-कृष्ण प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अर्चना बल्लू चौहान (काला पहाड़) ने सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। साथ ही मंदिर प्रतिष्ठा हेतु 5000 की राशि दान स्वरूप भेंट की।श्रीमती चौहान ने कहा कि धार्मिक आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और ऐसे कार्यक्रम सामाजिक एकता को मजबूत करते हैं। उन्होंने आयोजन समिति के प्रयासों की सराहना भी की। वर्तमान में वह चाचौड़ा विधानसभा के साथ-साथ बमोरी क्षेत्र में भी प्रभारी के रूप में सक्रिय हैं और लगातार धार्मिक, सामाजिक एवं पारिवारिक आयोजनों में भाग ले रही हैं।उनकी इस सक्रिय भागीदारी को लेकर क्षेत्र में चर्चा भी बनी हुई है, जहां वे विभिन्न समाजों—भील, लोधा, गुर्जर, मीना और बंजारा सहित सभी वर्गों के कार्यक्रमों में सहभागिता कर रही हैं। कार्यक्रम के दौरान भजन-कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए गए, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। अंत में उन्होंने सभी से धर्म और संस्कृति के संरक्षण में योगदान देने की अपील की। कार्यक्रम शांतिपूर्ण और भव्य रूप से संपन्न हुआ।



महिलाओं के लिए हर रविवार लगेगा निःशुल्क हेल्थ कैंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

जिला अस्पताल के स्त्री और प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ सतीश राजपूत ने महिला स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए एक अनूठी पहल की है। उन्होंने अपनी क्लीनिक पर हर रविवार को महिलाओं के लिए निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन शुरू किया है, जिसमें मरीजों को मुफ्त दवाएं भी उपलब्ध कराई जा रही है। जिला अस्पताल में जटिल ऑपरेशनों के लिए विख्यात डॉ सतीश राजपूत का यह कदम महिला स्वास्थ्य सेवा की दिशा में मील का पत्थर माना जा रहा है। इस महत्वपूर्ण शिविर का शुभारंभ भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिकरवार और जिला पंचायत सदस्य महेंद्र किरार ने किया। पहले ही शिविर में 70महिला मरीजों ने स्वास्थ्य परामर्श और निशुल्क दवाओं का लाभउठाया। शिविर के संयोजक डॉ राजपूत ने बताया कि इसका उद्देश्य ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की महिलाओं तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना है। शुभारंभ अवसर पर धर्मेंद्र सिकरवार ने डॉक्टर राजपूत की इस समाज सेवी भावना की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनका यह कार्य महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए किसी वरदान से कम नहीं है और इससे पूरे जिले को लाभ मिल रहा है। महेंद्र किरार ने भी डॉक्टर राजपूत के प्रयासों को सराहा और कहा कि वे गरीब मरीजों की सच्ची सेवा कर रहे हैं, जो जिले के लिए गर्व की बात है।

40 वर्ष शिक्षकीय सेवा के बाद सेवानिवृत्त हुए लखन लाल नामदेव का किया भव्य सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय मढ़ी गूगोर, जन शिक्षा केंद्र बालक हायर सेकेंडरी स्कूल शाढ़ौरा में पदस्थ शिक्षक लखन लाल नामदेव के सेवानिवृत्त होने पर नामदेव समाज द्वारा रविवार को स्थानीय श्री हनुमान टेकरी धाम पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में समाजजनों एवं शिक्षा जगत से जुड़े लोगों ने उनका स्वागत कर सम्मान किया।इस अवसर पर लखन लाल नामदेव ने कहा कि उन्होंने लगभग 40 वर्षों तक शिक्षा क्षेत्र में अपनी सेवाएं दी हैं। इस दौरान उन्होंने तहसील, जिला एवं राज्य स्तर पर शिक्षकों को प्रशिक्षण भी प्रदान किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को केवल पाठ्यक्रम ही नहीं, बल्कि सामान्य ज्ञान और संस्कारों से जोड़ना भी उनकी प्राथमिकता रही।सम्मान समारोह में गुना, अशोकनगर सहित विभिन्न स्थानों से शिक्षा विभाग के अधिकारी, शिक्षक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने श्री नामदेव के शिक्षा क्षेत्र में दिए गए योगदान की सराहना करते हुए उनके स्वस्थ एवं सुखद जीवन की कामना की। कार्यक्रम के अंत में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसादी ग्रहण की

अवैध मदिरा पर आबकारी विभाग की सख्त कार्रवाई, 16,000 रुपए की सामग्री जब्त

गुना । गुना जिले में अवैध मदिरा के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आबकारी विभाग ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए बड़ी मात्रा में अवैध शराब एवं लाहन जब्त किया है।कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशन तथा संभागीय उपायुक्त संदीप शर्मा के मार्गदर्शन में यह अभियान लगातार संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला आबकारी अधिकारी गुरुप्रसाद केवट के निर्देशन में 02 मई 2026 को आबकारी वृत्त गुना-1 के प्रभारी श्री राधाकिशन अटारिया द्वारा ग्राम बोरखेड़ा चक एवं बेरखेड़ी में दबिश दी गई। कार्रवाई के दौरान ग्राम बोरखेड़ा से 6 प्लास्टिक ड्रमों में लगभग 300 किलोग्राम लाहन तथा ग्राम बेरखेड़ी से 35 लीटर हाथ भट्टी शराब जब्त की गई। जब्त लाहन को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया।इस मामले में आरोपियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)**A** एवं 34(1)**F** के तहत कुल 3 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। जब्त सामग्री का अनुमानित मूल्य 16,000 रुपये बताया गया है।इस कार्रवाई में आबकारी विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों मुख्य आरक्षक रामहेत सिंह कुशवाह, आरक्षक गोविंद सिंह मीणा, दिनेश कुमार राठौर, महिला आरक्षक पूजा रघुवंशी तथा होमगार्ड सैनिक महिपाल सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा के खिलाफ लगातार सतर्कता एवं सख्ती बरती जा रही है।

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत चांचौड़ा कुंड में सफाई, पक्षियों के लिए लगाए सकोरे

गुना। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के माध्यम से जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत चांचौड़ा क्षेत्र नगर विकास प्रस्फुटन समिति द्वारा बाग बागेश्वर मंदिर धाम परिसर स्थित कुंड/कुएं में साफ-सफाई अभियान चलाया गया तथा पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था हेतु मिट्टी के सकोरे लगाए गए।कार्यक्रम में एमएसडब्ल्यू (**MSW**) और बीएसडब्ल्यू (**BSW**) के छात्रों एवं मेंटर्स ने सक्रिय भागीदारी निभाते हुए कुएं की सफाई का कार्य किया। इस दौरान ब्लॉक समन्वयक कृष्णपाल सिंह राठौर ने जल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित लोगों को जल संरक्षण के लिए शपथ दिलाई। इस अवसर पर मेंटर्स दिनेश कुमार लोधा, राघवेंद्र राजोरिया, सुनील मीना, अनिमेष गुप्ता, नीरज चंदेल, शिखा शर्मा, तपस्या साहू, दुर्गेश सेनी, केशव सेन, दीपक सेनी सहित नगर विकास प्रस्फुटन समिति के सदस्य उपस्थित रहे।कार्यक्रम के माध्यम से जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया, साथ ही लोगों से जल स्रोतों की स्वच्छता बनाए रखने और पक्षियों के संरक्षण में सहयोग करने की अपील की गई।

नगर पालिका ने मिलन चैराहे पर बने गड्ढों को भरवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

लोगों को राहत मिली नगर पालिका अशोकनगर द्वारा आने वाले दिनों में वैसे तो मिलन चैराहे से लेकर एचडीएफसी चैराहा को बेहतरीन बनाया जाना प्रस्तावित है, लेकिन वर्तमान में मिलन चैराहे पर जहां गांधी पार्क वाला बना हुआ है और पानी की टंकी के सामने का हिस्सा है वहां पर बड़े-बड़े गडडे होने से लोगों को परेशानियों को सामना करना पड़ रहा था इसके बाद नगर पालिका द्वारा इन गडडो को डामर से भरने का काम शुरू किया गया इसके बाद से लोगों ने राहत महसूस की है, इन गडडों को भरने के बाद इस रास्ते से निकलने वाले लोगों के वाहन हिचकोले खाते हुए चलते थे जिससे लोगों को राहत मिली है।

हित अहित विचार करके काम करने पर सफलता मिलती हैः राष्ट्रसंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंगावली

हित अहित का विचार आना चाहिए किस चीज में आपका हित है किसमें अहित इस प्रकार विचार कर काम करना चाहिए काम करने में साधक तत्व के साथ बाधक तत्वों का ज्ञान होना चाहिए साथ ही अपनी प्रवृत्ति किस रूप है इसको भी समझा होगा तव कही जाकर आपको सफलता मिलेगी शास्त्री भाषा में इसे भेद विज्ञान कहते है इसे अच्छी तरह से समझना होगा मात्र आत्मा भिन्न शरीर भिन्न का मतलब ही भेद विज्ञान हैभेद विज्ञान मात्र अध्यात्म का ही विषय मत जानो भेद विज्ञान घटित होता चारों अनुयोगों में हेय उपादेय का ज्ञान होना चाहिए ये सब आता भेद विज्ञान में बिना भेद विज्ञान के मोक्ष मार्ग नहीं बनेगा मोक्ष सुख पाने के लिए ज्ञान का विस्तार रूप जिसे सहज भाषा वेद विज्ञान कहते हैं उक्त आश्य केउद्गार सुधा सागर सभागार में विशाल धर्मसभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रसंत मुनि पुगंव श्री सुधासागरजी महाराज ने व्यक्त किए।

थूवोनजी मन्दिर का होगा जीर्णोद्धार

थूवोनजी कमेटी के प्रचार मंत्री विजय धुर्रा ने बताया कि अमेरिका से पधारे रिशू अनिरुद्ध जैन ने परम पूज्य आध्यात्मिक संत निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज के मुंगावली में दर्शन कर अंचल के सबसे बड़े तीर्थ अतिशय क्षेत्र दर्शनोंदय तीर्थथूवोनजी के एक मन्दिर का जीर्णोद्धार करने की जिम्मेदारी ली इस हेतु उन्होंने परिवार के निकट रिश्तेदार सन्तोष कुमार रोहित राहुल सिंघई के साथ मुनिश्री से आशीर्वाद लिया। अमेरिका में ऐसे धार्मिक एवं परामाथिक काम का मौका नहीं मिलता।

ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण में क्षेत्र के खिलाड़ी सीख रहे खेल कौशल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिला अशोकनगर के संजय स्टेडियम, नवीन खेल स्टेडियम एवं शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय पठार में क्रिकेट, हॉकी, बास्केटबॉल, कराते, टेबल-टेनिस, फुटबॉल, ताईक्वांडों आदि खेलों में 01 मई 2026 से 30 दिवसीय खेल प्रशिक्षण शिविर समय प्रातः 06 से 08 बजे तक प्रतिदिन प्रशिक्षण आयोजित है।

इस प्रशिक्षण शिविर में प्रतिदिन बालक एवं बालिकाऐं खेल प्रशिक्षकों से खेलों के गुर सीखकर अपना खेल कौशल बढा रहे हैं। साथ ही प्रशिक्षणार्थियों हेतु फिटनेस से संबंधित विभिन्न गतिविधियॉ प्रतिदिन कराई जाती है। खेल अधिकारी ने कहा 01 माह तक चलने वाले प्रशिक्षण शिविर में बालक एवं बालिकाओं को संचालनालय ने उपलब्ध कराई।

अशोकनगर में आरटीई दूसरी लॉटरी का मौका

अशोकनगर। शिक्षा का अधिकार सत्र 2026-27 के तहत जिले में प्रवेश प्रक्रिया जारी है। अब भी कई बच्चे स्कूलों में दाखिले से वंचित हैं। ऐसे में राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा दूसरी लॉटरी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जिससे शेष बच्चों को प्रवेश का मौका मिलेगा। जिले में कुल 1608 सीटें आवंटित की गई थीं।

आम सूचना

डाक विभाग, गुना में डा.जी./ग्रा.डा.जी. बीमा के डायरेक्ट एजेंटो के चयन के माध्यम से रोजगार के अवसर

गुना। 18 वर्ष से 50 वर्ष तक की आयु वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए डाक विभाग गुना द्वारा डाक बीमा योजना एवं ग्रामीण डाक जीवन बीमा में व्यवसाय बढ़ाने के लिए इच्छुक एवं योग्य अभ्यर्थियों से डायरेक्ट एजेंट बनने हेतु 15 मई, 2026 तक आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

इस हेतु जिस भी अभ्यर्थी ने 10वी कक्षा या उसके समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण की हो वे डायरेक्ट एजेंट्स के चयन हेतु पात्र है। अभ्यर्थियों को समय सुबह 11:30 बजे अपने साथ संबंधित दस्तावेजो जैसे आवेदन पत्र, 10वी की अंकसूची, आधार कार्ड, पेन कार्ड आदि लेकर कार्यालय अधीक्षक डाकघर गुना में उपस्थित होना होगा। डायरेक्ट एजेंट्स का चयन कार्यालय में दस्तावेजो के साथ उपस्थित होने पर साक्षात्कार के माध्यम से किया जावेगा। डायरेक्ट एजेंट्स को डा.जी./ग्रा.डा.जी. बीमा प्राप्त करने पर आकर्षक प्रोत्साहन राशि देय है। आवेदन के लिए अभ्यर्थी कार्यालय अधीक्षक डाकघर गुना जोकि कर्नलगंज में संचालित है, से संपर्क कर सकते हैं अथवा दूरभाष नंबर 07542-253046/47 पर कॉल कर जानकारी ले सकते हैं।

कार्यालय अधीक्षक डाकघर गुना संभाग, गुना 473001

दस हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि की चेक प्रदाय किया

अशोकनगर। ग्राम खैरोदा चक्क निवासी गन्तोबाई पुत्री रामचरण आदिवासी की मृत्यु होने पर सीबीएमओ डॉ. अजय जाटव सिविल अस्पताल मुंगावली द्वारा मृतिका के परिजन को 10 दस हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि का चेक प्रदान किया गया।

प. बंगाल, असम, पुडुचेरी में भाजपा की प्रचंड जीत का विजय उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव में पश्चिम बंगाल असम पुडुचेरी में भाजपा की प्रचंड जीत पर सोमवार को अशोकनगर नगर मंडल अध्यक्ष प्रांजल जैन के नेतृत्व में स्थानीय विवेक टॉकीज चैराहे पर विजय उत्सव मनाया गया। इस दौरान ढोल धमाके आतिशबाजी चला कर मिठाई वितरित की गई एवं जीत की खुशियां मनाईं। इस दौरान पूर्व विधायक जजपाल सिंह नपा अध्यक्ष नीरज मनोरिया नगर मंडल अध्यक्ष प्रांजल जैन पार्षद महेंद्र भारद्वाज डॉक्टर जय मंडल यादव जिला मीडिया प्रभारी डॉक्टर हरवीर सिंह रघुवंशी महिला मोर्चा अध्यक्ष ज्ञानेश्वरी सक्सेना जिला महामंत्री डॉक्टर शीला जाटव, जिला मंत्री धर्मेंद्र रघुवंशी अमरजीत सिंह छाबड़ा योगेश खेरा राजकुमार यादव सोनू सुमन मुकेश पाल मुकेश ओझा प्रदीप पाल आदि मौजूद थे।

मारपीट और दबंगी दिखाते 2 आरोपियों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

एसडीओपी अशोकनगर विवेक शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कचनार उनि पूनम सेलर द्वारा मारपीट एवं दबंगई करने वाले प्रभावी कार्यवाही करते हुये 02 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

उल्लेखनीय है कि 3 मई को फरियादी ओमकार अहिरवार निवासी ग्राम छीपोन द्वारा थाना कचनार में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि तेज हवा के कारण उसके आंगन में लगा पेड़ पड़ोसी प्रतिपाल सिंह राजपूत के बगीचे में गिर गया था। जब फरियादी द्वारा पेड़ हटाया जा रहा था, तभी प्रतिपाल सिंह राजपूत, बृजेन्द्र सिंह राजपूत एवं बलवीर सिंह राजपूत निवासीगण ग्राम छीपोन द्वारा फरियादी एवं उसकी पत्नी सोनम अहिरवार के साथ डंडों से मारपीट की गई तथा जातिसूचक गालियां दी गईं। फरियादी की रिपोर्ट के आधार पर थाना कचनार में अपराध क्रमांक 91/26 धारा 115(2), 118(1), 296(ए), 351(2), 3(5) बीएनएस एवं 3(1)(द), 3(1)(ध), 3(2)(व्हीए) एससी/एसटी एक्ट के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

थाना प्रभारी कचनार उनि0 पूनम सेलर को त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। थाना प्रभारी कचनार उनि0 पूनम सेलर द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये प्रकरण में सख्त कार्यवाही करते हुये आरोपी प्रतिपाल सिंह राजपूत पुत्र तोफान सिंह राजपूत एवं बृजेन्द्र सिंह राजपूत पुत्र प्रतिपाल सिंह राजपूत निवासी ग्राम छीपोन थाना कचनार को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा ने कहा कि जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। आमजन के साथ किसी भी प्रकार की मारपीट, दबंगई या अत्याचार करने वालों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की आपराधिक घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।

कार्यालय नगरपालिका परिषद 'जल प्रकोष्ठ' गुना (म.प्र)

क्रमांक 76,78,81 — गुना दिनांक 29.04.2026

निविदा सूचना

निम्नलिखित विवरण के अनुसार आगामी वर्ष हेतु सामग्री सप्लाई के लिये निविदायें समस्त निमार्ताओं अथवा अधिकृत विक्रेताओं से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है-

ऑनलाइन निविदा क्र.	कार्य का विवरण	अनुमानित राशि	प्रतिभूति राशि	निविदा का मूल्य	कार्य की अवधि
2026_UAD_504167_1	नगर के सिंध फिल्टर प्लांट पर स्थित रॉ वाटर एवं क्लीयर वाटर पम्पों के कंट्रोल पेनल दुरूस्ती हेतु सामान प्रदाय कार्य बावत्।	2966102/-	22245/-	5000/-	01 वर्ष
2026_UAD_504169_1	रॉ-वाटर राइजिंग मेन एवं एवं क्लीयर वाटर राइजिंग मेन पाइप लाइन दुरुस्ती हेतु सामान प्रदाय कार्य बावत्।	3050847/-	22880/-	5000/-	01 वर्ष
2026_UAD_504173_1	रॉ-वाटर राइजिंग मेन एवं एवं क्लीयर वाटर राइजिंग मेन पाइप लाइन दुरुस्ती हेतु D.I. Pipe 200mm dia to 700mm dia प्रदाय कार्य बावत्।	1355932/-	10170/-	2000/-	01 वर्ष

1. निविदा क्रय करने का अंतिम दिनांक :- 03.06.2026 समय शाम 5.30 PM तक
2. निविदा प्रस्तुत करने का अंतिम दिनांक :-03.06.2026 समय शाम 5.30 PM तक
3. निविदा खोलने का दिनांक :- 05.06.2026 समय सुबह 11.00 AM

नोट :- निविदा की विस्तृत जानकारी एवं शर्ते वेवसाईट www.mptender.gov.in पर अथवा कार्यालयीन समय में आकर कार्यालय में देखी जा सकती है।

(मंजूषा खत्री)
मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद् गुना (म.प्र.)

(सविता अरविन्द गुप्ता)
अध्यक्ष
नगरपालिका परिषद् गुना (म.प्र.)

खबर संक्षेप

मारपीट की घटनाओं के अनेक प्रकरण पंजीबद्ध

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम डंगाई अंतर्गत कृष्णपाल अहिरवार निवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी दीपक रघुवंशी और उमेश अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत शंकरपुर मगरदा निवासी विकास आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी विशाल आदिवासी, छोटू कुशवाह ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत त्रिलोकपुरी निवासी विकास रजक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी प्रियंका जाटव, वंदना दुवे ने उससे मारपीट की और उसकी बाईक तोड़ दी। जिले के कचनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम व्यानी निवासी लक्ष्मण यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी मोहनसिंह, भानू, भैयासाब, शिवकुमार और आकाश यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से मोहन सिंह यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि लक्ष्मण, भूपेन्द, लेखराज, पप्पू, कृष्णपाल, टीकाराम, नारायण यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत चंदेरी निवासी रिजवान खान ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी नसीर खान ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत शंकरपुर निवासी वीरपाल यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी केदार यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत गोराकला निवासी रमेशचंद्र लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी विनोद, घनश्याम लोधी व अन्य दो लोगों ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम चिवला निवासी राहुल आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी पर्वत आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

शिक्षिका ने की शासकीय कार्य में बाधा की रिपोर्ट

अशोकनगर। जिले के पिपरई थाने के अंतर्गत ग्राम केनवारा में पदस्थ शिक्षिका सपना पुत्री जयराम पाण्डेय प्राथमिक शिक्षक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि विकास अहिरवार निवासी केनवारा ने उसका रास्ता रोककर शासकीय कार्य में बाधा पर मामला दर्ज किया है।

अवैध शराब के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के ईसगाढ थाने के अंतर्गत ग्राम ओडिला में पुलिस ने तेजा केवट के पास से 84 लीटर हाथ भटी की कच्ची शराब और एक बाईक जिसका नंबर एमपी 67 एम 4465 को जप्त किया है। ईसागढ पुलिस ने ही ओडिला निवासी अमर आदिवासी से 7 लीटर, और कालू राम आदिवासी से 7 लीटर तथा पिपरौदा निवासी रामस्वरूप आदिवासी से 60 लीटर और ईसागढ निवासी पंवन कुशहव के पास से 7 लीटर कच्ची शराब बरामद की है।

कई घंटे की बारिश के साथ गले हुए ओले भी गिरे, बिजली गुल बनी रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

सोमवार को दोपहर बाद शहर के आकाश में फिर मौसम मे बदलाव देखा गया। देखते ही देखते काली घटाएं आकाश पर छा गईं, शाम 4.30 बजे के बाद बारिस का दौर शुरू हुआ जो एक घंटे तक चलता रहा, इस दौरान चने के आकार के गले हुए ओले भी गिरे। बारिस के शुरू होते ही शहर में बिजली गुल हो गई जो वर्षा शुरू होने से लगातार कई घण्टे से अधिक समय तक नदारत रही। अशोकनगर जिले में मौसम में यह बदलाव इस सप्ताह में तीसरी बार हुआ है, जिसके बाद ऐसा लगने लगा है कि वर्षा काल की शुरूआत हो गई है, रोज रोज ठण्डी हवाएं, आंधी और बारिस होने के कारण लोगों ने गर्मी से जहां राहत महसूस की है वहीं दूसरे ओर शादियों के इस मौसम लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है कब मौसम करवट बदल ले कोई भरोसा नहीं है, जिसके कारण शादी आयोजक भी बारिस बचने के लिए इंतजाम करने में लगे हैं। सबसे ज्यादा परेशानी किसानों को हो रही है जो गल्ला मण्डी के साथ खरीदी केन्द्रों पर माल बेचने के लिए पहुंच रहे हैं उन्हें अपना माल पानी से बचाव करने के लिए ढक्कर लाना पड़ रहा है।

शहर में मौसम ने फिर करवट बदली

बेमौसम वर्षा तब हो रही है जब सबसे अधिक गर्मी इन दिनों में पड़ती थी मई का महीना तीखी गर्मी के लिए जाना जाता है गर्म हवाएं चलती हैं लू लपट का यही महीना कहलाता है। जिसके कारण लोगों को इसी महीने में गर्मी से बचाव के संसाधन जुटाने पड़ते हैं लेकिन गर्म हवाओं का वह दौर जो मई के महीने में शुरू होना था वह प्रारंभ नहीं हो पाया है। मई का महीना शुरू होते ही मौसम भी बदला हुआ चल रहा है मई के महीने में ही 25 मई से नौ तपा की शुरूआत होती है इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि यह महीना गर्मी के मौसम के लिए कितना महत्वपूर्ण महीना है। कहते हैं कि जितनी गर्मी पड़ती है उतनी अच्छी वर्षा होती है, लेकिन इस तरह के मौसम का मिजाज अकेले अशोकनगर जिले में नहीं है पूरे मध्यप्रदेश में इस तरह का मौसम चल रहा है। प्रदेश के अन्य साथ अन्य राज्यों में इसी तरह के मौसम की स्थिति बनी हुई है इन दिनों पंखे कूलर का काम कर रहे हैं, तीखी गर्मी से लोगों को निजात मिली है लेकिन सोमवार को बिजली के जाने के बाद लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा क्योंकि इसी टाइम नगरपालिका लोगों को पानी का प्रदाय करती है और उसी समय बिजली चली जाती है जिससे लोगों को पानी की आपूर्ति पर्याप्त मात्रा में नहीं हो पा रही है। ऐसी स्थिति में लोग परेशान हैं क्योंकि वैसे ही नगरपालिका एक दिन बाद पानी का प्रदाय करती है और उसमें भी बिजली चली जाए तो पानी का प्रदाय प्रभावित हो जाता है। इस तरह की उपभोक्ताओं की शिकायत है।

यहां कुछ भी तो नहीं बदला, जो 20 साल पहले था वैसा ही सबकुछ आज भी

शहर की यातायात व्यवस्था भगवान भरोसे

हर बार सड़क सुरक्षा समिति की बैठक होती है लेकिन नए निर्णय कोई कुछ नहीं होते,

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

शहर की यातायात व्यवस्था भगवान भरोसे चल रही है, हर बार सड़क सुरक्षा समिति की बैठक होती है लेकिन नए निर्णय कोई कुछ नहीं होते जो शहर 20 साल पहले था वैसा ही शहर आज भी है।

अशोकनगर जिला मुख्यालय का शहर है इस शहर में यातायात की व्यवस्थाएं बेहतर होने की जरूरत है लेकिन व्यवस्थाएं बेहतर नहीं हो पा रही हैं। प्रशासन प्रयास करता है तमाम तरह के निर्णय यातायात सुरक्षा समिति की बैठक में लिए जाते हैं लेकिन होता कुछ नहीं है।

स्थिति यह है कि शहर में आम आदमी की संख्या बड़ी है वहां बड़े हैं लेकिन यातायात सुरक्षा के बेहतर प्रबंध नहीं हो पाए हैं, शहर में नए मार्गों का निर्माण नहीं हो पाया है जो मार्ग है बरसों पुराने वहीं मार्ग हैं। नए मार्ग बनाने की दिशा में हर शहर में कोई न कोई निर्णय लिया जाता है लेकिन इस शहर में कोई निर्णय नहीं हो रहे हैं। जिसके कारण लोग उन्ही बर्षों पुराने मार्गो से आ जा रहे हैं। रेल लाईन के दोनों ओर अशोकनगर शहर बसा है इसलिए इस शहर को दोनों ओर से आने वाले लोगों के लिए बेहतर यातायात की जरूरत है।

बड़ा ओवर ब्रिज 36 साल पुराना, चैड़ाई भी कम, मरम्मत की जरूरत

अशोकनगर शहर में कहने के लिए दो ओवर ब्रिज और एक अंडर ब्रिज है जिससे यातायात रेल पटरियों के दोनों और आता जाता है बड़े ओवर ब्रिज की चैड़ाई कम है इसकी चैड़ाई बनाना जरूरी है तथा यह ब्रिज 36 साल पुराना हो गया है इस पुराने हुए ब्रिज को मरम्मत की जरूरत है इस पर कई जगह चूहों ने गड्ढे भी कर दिए थे लेकिन आज तक इस दिशा में ब्रिज को चैड़ा करने का कोई प्रयास हुआ और न ही कोई नए प्रयास किए गए हैं। जिसके कारण यह पुल अधिक संख्या में निकलने वाले वाहनों के लिए समस्या का कारण बना हुआ हैं।

अशोकनगर शहर में मार्गो पर कहीं भी संकेतक नहीं है

अशोकनगर शहर में मार्गो पर कहीं भी संकेतक नहीं है चैराहे पर अतिक्रमण है, यह शहर इसलिए उपयोगी और महत्वपूर्ण शहर है क्योंकि इसी शहर से बाहर का यातायात निकलता है। बायपास रोड जो बना था वह शहर के अंदर आ गया है अब एक नए बाईपास की जरूरत है जब तक शहर पर के चारों ओर एक रिंग रोड नहीं बनेगा तब तक शहर को यातायात से मुक्ति नहीं मिल सकती। यहां दो मंडियां हो गई हैं दोनों मंडियों से यातायात एक से दूसरी मंडी में आता जाता है अगर यातायात को विदिशा रोड चुंगी नाका से निकलना बंद कर दिया जाए तथा विदिशा रोड से मोहरी तक जो सड़क बनी है उसी से यातायात निकाला जाए। जिले में कईं मार्ग अच्छी सड़कों के रूप में जाने जाते हैं क्योंकी मार्गों पर कई जगह घुमावदार रास्ते भी हैं, चाहे आपको चंदेरी जाना हो तो नसीयर की घाटी से निकलना पड़ता है और अगर आपको चंदेरी से ललितपुर जाना हो तो प्राणपुर की जोखिम भरी घाटी से निकलना पड़ता है और यही स्थिति अशोकनगर से बंगला चैराहा जाने में कोयल घाटी को लेकर ह। इन घाटियों पर घुमावदार रास्ते हैं और दूर-दूर तक गांव नहीं है जिसके कारण कभी कोई वाहन रात में खराब हो जाए और परिवार के लोग हो तब उन्हें बड़ी समस्याओं को सामना करना पड़ता है। इस तरह की यातायात व्यवस्था को सुधारने की जरूरत है।

जिन सड़कों से अतिक्रमण हटाया वह सड़कें वैसी की वैसी

तमाम तरह की समाज सेवी संस्थाओं द्वारा यातायात सुरक्षा के लिए औपचारिक रूप से अभियान चलाया जाता है लेकिन न यातायात सुधरता न कोई समस्याओं का निराकरण हो रहा है जिस सड़कों से अतिक्रमण हटाया गया था और सड़कों पर एक बार फिर से अतिक्रमण हो गया है यह सब औपचारिक कारवाइयां न होकर शहर के सुंदर भविष्य को लेकर की जाना चाहिए ताकि यहां का यातायात बेहतर हो सके।

गांधी पार्क पर ओवर ब्रिज और अंडर ब्रिज भी समस्या फिर भी

शहर के गांधी चैक पर बना हुआ ब्रिज कम चैड़ाई में बना है यह ब्रिज जनता के लिए उपयोगी जरूर है लेकिन पैदल जाने वाले लोगों के लिए कोई भी व्यवस्था नहीं है। ब्रिज के ऊपर से बाहर ही जा सकते हैं पैदल चलने वाले लोगों के लिए यहां व्यवस्था होना चाहिए। इसी पुल के नीचे एक अंडर ब्रिज भी बना हुआ है जो रेलवे की भूमि में बना है लेकिन इस ब्रिज पर हालत सबसे ज्यादा खराब हैं। आसपास के घरों के रहने वाले लोगों का पूरा पानी इस ब्रिज के अंदर आता है, इस ब्रिज के ऊपर पानी भर जाए तो नीचे गिरता रहता है और वर्षा काल में अंदर पानी भरने के बाद लोग पानी से निकलते रहते हैं। रेलवे ने यहां अंडर ब्रिज को ठीक करने का प्रयास किया लेकिन घटिया निर्माण किया गया। सांसद सिंधिया ने कहा था कि अंडर ब्रिज को देखने के लिए आएंगे लेकिन वह भी देखने नहीं आए।

रेलवे स्टेशन से अंडरब्रिज को जोड़ने के लिए मार्ग बनाने की मांग

शहर में रेलवे स्टेशन से अगर आना हो तो एक मात्र गांधी पार्क होकर आने वाला मार्ग है जबकि सीधे अंडरब्रिज से जोड़ने का प्रस्ताव रखा गया था कि स्टेशन से सीधा अंडरब्रिंरज को जोड़ने का मार्ग खोला जाए लेकिन यह मार्ग नहीं बन पाया। यहां राजनीतिक प्रयासों की जरूरत है यह प्रयास विधायक स्तर से लेकर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के प्रयासों से संभव है। लेकिन उनके द्वारा इस तरह की कोई प्रयास नहीं किये जा रहे हैं जिसके कारण यह अंडर ब्रिज तक मार्ग नहीं खुल पा रहा है। अगर यह मार्ग खुलता है तो शहर में आने जाने वाले लोगों को सुविधा हो सकेगी।

चिकित्सकों पर कार्रवाई के लिए प्रस्ताव

5 घंटे की मैराथन जांच के बाद छोटे कर्मचारियों पर गिराई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

बहादुरपुर में बीते षनिवार को कस्बे के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में पोस्टमार्टम के बाद जब एक आदिवासी किषोरी के षव को घर तक ले जाने के लिए कोई षव वाहन उपलब्ध नहीं हुआ तो किषोरी के परिजन षव को कपड़े में लपेटकर हाथों में उठाकर ले जाने मजबूर हो गए थे। इस घटना के बाद षनिवार देर षाम प्रषासन हरकत में आया।

कलेक्टर साकेत मालवीय स्वंय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचे। उन्होंने एक-एक कर सीएमएचओ डॉ. अलका त्रिवेदी, एसडीएम इसरार खान, सीबीएमओ डॉ. अजय जाटव सहित सेक्टर मेडिकल ऑफिसर डॉ. वायएस तोमर, ड्यूटी डॉक्टर राज सिंह राजपूत को तलब किया। कलेक्टर द्वारा रात में करीब 5 घंटे तक मामले की जांच की गई और सभी के बयान लिए गए। रविवार सुबह प्रषासन द्वारा प्रेसनोट जारी कर घटना के संबंध में कार्रवाई की जानकारी दी गई, जिसमें छोटे कर्मचारियों को निलंबित कर दिया गया है वहीं डॉक्टरों पर अनुषासनात्मक कार्रवाई के लिए प्रस्ताव भेजा गया है। वहीं सीबीएमओ द्वारा मृतिका के परिजन को 10 दस हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि का चेक प्रदान किया गया है।

प्रषासनिक कार्रवाई के अनुसार संस्था प्रभारी डॉ वाय.एस तोमर एवं डॉ राज सिंह राजपूत पर

वरिष्ठ अधिकारियों को नहीं किया गया सूचित

जांच में सामने आया है कि डॉ. राजसिंह राजपूत से मृतक के परिजनों द्वारा शव वाहन की कोई मांग नहीं की गई। वहीं डॉक्टर ने भी स्वंय के स्तर पर परिजनो से शव वाहन की आवश्यकता के बारे में कोई पूछताछ नहीं की। इस संबंध में बीएमओ मुंगावली या सीएमएचओ से शव वाहन उपलब्ध कराने हेतु कोई संपर्क नहीं किया गया। घटनाक्रम में राज्य शासन के शव वाहन उपलब्ध कराये जाने संबधित मानक प्रोटोकॉल का पालन नही किया जाना पाया गया। जिसमें संस्था प्रभारी और तत्समय उपस्थित कर्मचारियों की लापरवाही बताई गई है।

बिगड़ीं अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाएं एक साथ तीन कर्मचारियों के हटने के कारण बहादुरपुर अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाएं जरूर ठप्प हो गई हैं। क्योंकि इस अस्पताल में पहले से ही कई पद रिक्त हैं। प्रषासन द्वारा जिन कर्मचारियों को हटाया गया है, असल में सारी व्यवस्थाओं का जिम्मा उन्ही पर था। सीबीएमओ डॉ. जाटव का कहना था कि एक-दिन में अन्य कर्मचारियों की व्यवस्था हो जाएगी।

इनका कहना है

'स्पष्ट रूप से लापरवाही की गई है जिस पर हमने कार्रवाई भी की है। पोस्टमार्टम बहुत ही संवेदनषील मुद्दा है, उसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही होती है तो वह बहुत ही गलत बात है।

साकेत मालवीय कलेक्टर अषोकनगर।

थाना देहात पुलिस ने किया नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

थाना प्रभारी देहात उनि0 भुवनेश शर्मा द्वारा नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। 2 मई को फरियादी ने अपनी नाबालिग पुत्री (उम्र लगभग 13 वर्ष 04 माह) को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

थाना प्रभारी देहात उनि0 भुवनेश शर्मा द्वारा टीम गठित कर विवेचना प्रारम्भ की गई। विवेचना के दौरान ही 2 मई को अपहृत बालिका को दस्तयाब कर उसके कथन दर्ज किए गए। 3 मई 2026 को प्रकरण के आरोपी सूरज उर्फ सूर्या पुत्र विधि आदिवासी उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम सेसई, थाना रन्नौद, जिला शिवपुरी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

दिव्यांग व्यापारी से डकैती की रकम समेत दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह कंवर एवं एसडीओपी मुंगावली सनम बी खान के मार्गदर्शन में थाना पिपरई द्वारा दिव्यांग व्यापारी के साथ हुई डकैती की घटना के 10 हजार के शेष 02 इनामी आरोरियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

उल्लेखनीय है कि 29,30 अप्रेल की दरम्यानी रात फरियादी बृजमोहन सिंह यादव की रिपोर्ट लेख कराई कि वह अपनी कृषि उपज (मटर) को ललितपुर मंडी में विक्रय कर प्राप्त 1,55,500 रुपये लेकर वापस लौटते समय ग्राम नानौन-गरेंठी मार्ग पर आरोपियों द्वारा सुनसान स्थान पर रोककर मारपीट करते हुए उक्त राशि लूट ली गई थी। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना पिपरई में अपराध क्रमांक 118/26 धारा 309(6) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा तत्काल टीम गठित कर थाना प्रभारी पिपरई को त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। दिनांक 2 मई को पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये घटना का खुलासा करते हुये आरोपी राहुल यादव पुत्र लाखन सिंह यादव उम्र 24 साल निवासी ग्राम रेंपरी थाना कचनार, रविन्द्र यादव पुत्र मलखान सिंह यादव उम्र 23 साल निवासी ग्राम रेंपरी थाना कचनार, भरत सिंह यादव पुत्र संग्राम सिंह यादव उम्र 23 साल निवासी ग्राम परसौली थाना कचनार एवं शिवजीत सिंह यादव पुत्र हरनाम सिंह यादव उम्र 19 साल निवासी ग्राम महुआखेडा थाना कचनार को गिरफ्तार कर उक्त आरोपियों से लूटी गई राशि में से 1,00,000 रुपये बरामद घटना में प्रयुक्त पिकअप क्रमांक एमपी 09 जीएच 1576, इलेक्ट्रिक स्कूटी एवं कार क्रमांक एमपी 67 सी 4664 जब्त की गई थी।

18 दिन में 12 फांसी, 3 नाबालिग भी शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अषोकनगर

जिले में फांसी लगाकर आत्म हत्या की घटनाएं तेजी से सामने आ रही हैं, 16 अप्रेल से 03 मई तक 12 फांसी लगाने की घटनाएं जिले में हुई हैं, जिनमें 3 नाबालिग शामिल हैं। बच्चों के साथ कोई तनाव या अन्य कारण नहीं होते इस तरह के कारण युवाओं या अधिक उम्र के लोगों के साथ हो सकते हैं, लेकिन बढ़ती इन फांसी की घटनाओं को लेकर भी इनके कारण खोजे जाने चाहिए।

19 अप्रेल को 13 साल 9 माह की बालिका अल्फिया बी निवासी तमाषा ने फांसी लगाकर खुदकुषी कर ली थी। इसी प्रकार 21 अप्रेल को ग्राम बामौर हुर्रा थाना चंदेरी निवासी परमाल आदिवासी उम्र 16 साल ने फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली थी और अब यह तीसरी घटना खैरोना कला में सामने आई है जिसमें एक आदिवासी बालिका ने फांसी लगा ली है। जबकि अन्य घटनाओं में 16 अप्रेल को भूपेन्द्र आदिवासी उम्र 25 साल निवासी इमली पुरा रूपगढ थाना कदवाया, 16 अप्रेल को ही मिश्रो बाई पत्नि भूपेन्द्र आदिवासी निवासी इमलीपुरा रूपगढ, 18 अप्रेल को समरथ पुत्र प्रकाष जाटव उम्र 32 साल निवासी ग्राम केलारस थाना शाढौरा, 18 अप्रेल को संटूराजा उम्र 21 साल निवासी पठारी थाना सेहराई, 25 अप्रेल को संजना रघुवंषी उम्र 25 साल निवासी अमरौद बददू थाना नईसरायं, 26 अप्रेल को देवेन्द्र परिहार उम्र 40 साल निवासी डुंगासरा थाना नईसरायं, 27 अप्रेल को राहुल अहिरवार उम्र 29 साल निवासी बहेरिया ईसागढ, 30 अप्रेल को मोहन आदिवासी उम्र 30 साल निवासी कालीटोर थाना ईसागढ, 2 मई को अज्ञात 60 साल के व्यक्ति द्वारा मुंगावली थाने के अंतर्गत फांसी लगाने की घटना सामने आई थीं।

कलेक्टर ने समय सीमा बैठक के दौरान अधिकारी व कर्मचारियों को दी चेतावनी

नॉट अटेंड सीएम हेल्पलाईन शिकायतों वाले विभागों पर पैनल्टी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा के अंतर्गत लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाईन शिकायतों की विभागवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाईन अंतर्गत प्राप्त शिकायतों को अटेण्ड किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन विभागों द्वारा शिकायतों को अटेण्ड नही किया जायेगा,उन विभागों पर पेनल्टी लगाई जायेगी।

उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग अपनी सीएम हेल्पलाईन की ग्रेडिग में आवश्यक सुधार लाएं। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाईन की लंबित शिकायतों का प्राथमिकता के साथ निराकरण नही करने वाले

अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किये जाएं। उन्होंने जनगणना 2027 हेतु मकान सूचीकरण कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जनगणना कार्य में लापरवाही बरतने वालो के विरूद्ध सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए।

उन्होंने जनसुनवाई के प्राप्त आवेदनों के निराकरण की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि संबंधित विभागीय अधिकारियों द्वारा अपने-अपने विभाग से संबंधित आवेदनों का तत्परता के साथ निराकरण किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने जिले में चल रहे एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि लक्ष्य के अनुरूप वैक्सीनेशन का कार्य पूर्ण किया जाए। बैठक में समर्थन मूल्य पर गेहूं,चना,मसूर के उपार्जन की प्रगति की समीक्षा की समीक्षा की। साथ ही उन्होंने उपार्जन केन्द्रों पर स्लॉट बुकिंग, फसलों की खरीदी, परिवहन,भण्डारण एवं भुगतान की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि उपार्जन केंद्रों पर किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि उपार्जन केन्द्र पर किसानों से उपार्जित फसल की पोर्टल पर ऑनलाईन दर्ज की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि किसानों की सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए जिस उपार्जन केन्द्र पर तौल कांटो की आवश्यकता है,उन केन्द्रों पर तौल कांटो संख्या बढाई जाए। जिससे किसानों की फसल तुलाई समय सीमा में हो सके। बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि आगामी वर्षाऋतु को दृष्टिगत रखते हुए जिले में क्षतिग्रस्त स्कूलों, आंगनवाडियों एवं छात्रावासों का संबंधित अधिकारियों द्वारा निरीक्षण कर चिन्हित किए जाए।

कलेक्टर की अध्यक्षता में रोगी कल्याण समिति की बैठक आयोजित

अशोकनगर। कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में सोमवार को जिला रोगी कल्याण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में चंदेरी विधायक जगन्नाथ सिंह रघुंवशी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.अलका त्रिवेदी,सिविल सर्जन डॉ.भूपेन्द्र सिंह शिखावत सहित समिति के सदस्य उपस्थित थे। बैठक में एनआरसी में भर्ती होने वाले शिशुओं के भर्ती पर्चे निरूशुल्क बनाये जाने की अनुशंसा की गई। ट्रामा सेंटर में स्थापित लिफ्ट रिपेयरिंग एवं वार्षिक रखरखाव में आने वाले व्यय के संबंध में तथा जिला चिकित्सालय में केन्द्रीयकृत कंट्रोल रूम स्थापित कर संचालन हेतु आयुक्त को बजट मांगपत्र एवं डीओ लेटर भेजे जाने हेतु निर्देशित किया। रिकॉर्ड रूम में रिकॉर्ड के सुरक्षित संधारण हेतु 20 हैवी रैक क्रय किये जाने के संबंध आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। एम्बुलेंस वाहन एएलएस हेतु 15 रूपये प्रति किलोमीटर तथा बीएलएस वाहन में 10 रूपये प्रति किलोमीटर के मान से रोगियों को रेफरल हेतु सहमति प्रदान की गई। गर्मी के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए समस्त वार्डों के कूलर,पंखे दुरूस्त कराये जाने के निर्देश एवं एसी क्रय किये जाने की सहमति प्रदान की गई।

बोर्ड परीक्षाओं में कमतर प्रदर्शन वाले प्राचार्य, शिक्षकों की जिपं सीईओ ने ली क्लास

2 प्राचार्यों को पद से हटाया, एक शिक्षिका सस्पेंड, 8 का वेतन रोका

अधिकारियों के सवालों का संतोषजनक उत्तर नहीं दे पाए कई शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

बोर्ड परीक्षाओं में कमजोर प्रदर्शन के चलते जिन स्कूलों ने पूरे जिले के प्रतिशत प्रभावित किया उन स्कूलों के प्राचार्यों और संबंधित विषय के शिक्षकों पर बड़ी कार्यवाही देखने मिली है। सोमवार दोपहर जिला पंचायत सीईओ डॉ. इच्छित गढ़पाले द्वारा बोर्ड परीक्षाओं में अपेक्षाकृत कम परिणाम देने वाले विद्यालयों की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विद्यालयवार, विषयवार एवं शिक्षकवार परिणामों का गहन विश्लेषण किया गया।

समीक्षा के दौरान उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भ्याना के प्राचार्य रामसिंह कटारा को पद से हटाते हुए उनकी एक वेतनवृद्धि रोकने के निर्देश दिए गए। अंग्रेजी विषय की शिक्षिका प्रियंका मालवीय की पर्यवेक्षण अवधि बढ़ाई गई, वहीं गणित विषय के शिक्षक कन्हैयालाल मालवीय का 1 माह का वेतन रोक दिया गया। कमतर प्रदर्शन पर हाईस्कूल सराली के प्राचार्य रोहित किरार का 1 माह का वेतन रोकते हुए उनकी पर्यवेक्षण अवधि दो वर्ष बढ़ाई गई। विज्ञान शिक्षक सैयद हसन रजा का भी एक माह का वेतन रोक दिया गया एवं भविष्य में परिणाम सुधार नहीं होने पर एक वेतन वृद्धि रोकने की हिदायत दी गई।

प्राचार्य के निलंबन का प्रस्ताव भेजा, रोका वेतन

समीक्षा के दौरान कार्यवाहियों लंबी फेहरिश्त देखने मिली है। जिला पंचायत सीईओ ने हाईस्कूल सेमलापार के प्राचार्य गोपीलाल अहिरवार की वेतन वृद्धि रोकने एवं विज्ञान शिक्षिका चित्रलेखा पटले के निलंबन हेतु प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। इसी प्रकार शासकीय हाईस्कूल श्यामजीघाटा के प्राचार्य जगदीश सिंह एवं हाईस्कूल राजगढ़ रोड ब्यावरा के पूर्व प्राचार्य राजेंद्र शर्मा का 1 .एक माह का वेतन रोका गया है। इसी तरह गांधी उमावि पचोर की प्राचार्य शायदा हासमी का 1 माह का वेतन रोकने तथा कुलीखेड़ा के प्राचार्य दरियाव सिंह सोलंकी को पद से हटाने के निर्देश भी दिए गए।

परिणाम न सुधरने पर कठोर कार्यवाही की चेतावनी

इसी तरह पाडल्यामाता, भ्याना, पचोर एवं अन्य विद्यालयों को ऑनलाईन अंग्रेजी कक्षा लेने हेतु निर्देशित किया गया। हाईस्कूल कूपा के प्राचार्य दुर्गाप्रसाद वर्मा के 15 दिवस का वेतन काटने एवं अगली परीक्षा में परिणाम सुधार न होने पर कठोर कार्यवाही के निर्देश दिए गए। उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाडल्यामाता के प्राचार्य पूनमचंद रातलिया का 07 दिवस का वेतन काटने एवं उत्कृष्ट विद्यालय सारंगपुर की प्राचार्य पूजा विजयवर्गीय को भी द्वितीय अवसर में परिणाम संतोषजनक न होने पर कार्यवाही के निर्देश दिए गए।

आगे के लिए यह दिए गए निर्देश

सीईओ गढ़पाले ने संबंधित विषय शिक्षकों का स्क्रीनिंग टेस्ट आयोजित कर उनकी अध्यापन गुणवत्ता का मूल्यांकन किया जाएगा। टेस्ट में असंतोषजनक प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी। अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए मई माह में द्वितीय परीक्षा आयोजित की जाएगी। साथ ही सभी विद्यालयों को परिणाम सुधार हेतु ठोस एवं समयबद्ध कार्ययोजना बनाकर नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

नपा इंजीनियर को लगाई फटकार

मुख्यमंत्री अधोसरंचना के काम का विधायक ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़



मुख्यमंत्री अधोसंरचना के साढ़े चार करोड़ की राशि से चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों में जमकर धांधली चल रही है। जिसके चलते नए निर्माण कार्य भी धूमिल होते नजर आ रहे हैं। भरतगढ़ क्षेत्र में चल रहे एप्रोच रोड में भी इसी तरह के घटिया कामों की मिल रही शिकायत पर सोमवार को विधायक मोहन शर्मा ने निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान घटिया कामों पर उन्होंने नपा इंजीनियर को जमकर फटकार लगाई, वहीं सीएमओ को घटिया निर्माण तुड़वाकर सिरे से नए निर्माण कराए जाने के निर्देश दिए। जानकारी अनुसार थावरिया से भरतगढ़ तक बन रहे एप्रोच रोड की साइड वाल में पूरा निर्माण डस्ट से चल रहा है जबकि यहां नियमानुसार नर्मदा सेंट और एम सेंट के मिक्स मटेरियल का उपयोग किया जाना है। यहां निर्माण कार्य में नियमानुसार सीमेंट भी उपयोग में नहीं लाई जा रही है वहीं फिलिंग भी ठोस मटेरियल के स्थान पर मिट्टी से की गई है। इसके अलावा यहां तराई भी नही हुई है जिसका असर निर्माण कार्यो की मजबूती पर देखने को मिला है। निरीक्षण के दौरान विधायक ने नाराजगी जताते हुए कामों को दुरुस्त करवाने और ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए है।

ठेकेदार और इंजीनियर को नोटिस जारी

विधायक के निरीक्षण उपरांत सीएमओ द्वारा निर्माण कार्यो की प्रथम दृष्टया जांच में कमियां पाए जाने पर ठेकेदार राजाराम एसोसिएट ग्वालियर को नोटिस जारी कर कार्रवाई की बात कही है। वहीं नपा प्रशासन ने इंजीनियर श्वेता वरकड़े और सुनील वर्मा को भी नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। नपा ने दोनों इंजीनियर को निर्माण कार्यों की उचित देखरेख नही किए जाने का दोषी माना है। बताया जा रहा है कि जांच के बाद मामले में बड़ी कार्रवाई देखने को मिल सकती है।

घटिया कामों से चंद महीनों में जर्जर हुए निर्माण

इस ठेकेदार के घटिया कामों का यह पहला मामला नहीं है इसके पूर्व भी इसी योजना के अंतर्गत अर्जुन गौशाला से रामकुंड और थावरिया में बनाए गए सीसी सड़क निर्माण में भी जमकर लापरवाही देखने को मिली थी। इसी लापरवाही और घटिया निर्माण के चलते चंद माह पहले बनी ये सड़के दम तोड़ने लगी है। जंहा रामकुंड रोड़ तो उखड़ गया है। वही थावरिया में सड़क बनने उपरांत नपा द्वारा खोदी गई पाइप लाईन के दौरान महज तीन से चार इंच सीसी सड़क देखने को मिली थी। जबकि यहां आठ इंच सड़क निर्माण किया जाना था। लेकिन इन सब लापरवाही के बाद भी आज तक ठेकेदार पर कोई कार्रवाई देखने को नही मिली है। जबकि इन घटिया कामो का ठेकेदार को पूर्णतः भुगतान भी किया जा चुका है।

कार्रवाई करेंगे...

उक्त सड़क निर्माण के चल रहे कामों में ठेकेदार की लापरवाही सामने आई है। हमने ठेकेदार को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। जांच उपरांत मामले में कार्रवाई करेंगे। फिलहाल नपा इंजीनियर से भी मामले में जवाब मांगा गया है। घटिया कामों को उखड़ाकर दोबारा काम करवाया जाएगा।

अभिषेक जैन, सीएमओ नपा नरसिंहगढ़

खिलचीपुर के जैतपुरा, दोबड़ा क्षेत्र में पूरे दिन आराम करता रहा चीता

पांच दिनों से जिले में ही है चीते की मूवमेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

30 अप्रैल को श्योपुर के कूनो नेशनल पार्क से भटककर राजस्थान के रास्ते कालीपीठ वन्य क्षेत्र में पहुंचे केपी-3 चीते ने बीते पांच दिनों से 30-40 किलोमीटर की मूवमेंट ही की है। रविवार रात्रि यह चीता खोयरी वन्य क्षेत्र से नेवज नदी के किनारे-किनारे जालपा बीट, फूलखेड़ी, गागोरनी होता हुआ खिलचीपुर के जैतपुरा, दोबड़ा के नजदीक पहुंच गया। सोमवार को पूरे दिन दोबड़ा क्षेत्र में ही झाड़ियों, पेड़ों के नीचे चीता आराम करता रहा। वन्य प्राणियों के बारे में कह नहीं सकते लेकिन संभावना है कि चीता पुनः खिलचीपुर एरिए से सरहद्धी होते हुए पुनः राजस्थान पहुंच जाए। राजगढ़ रेंजर शिव चैहान, वनपाल राजू गुर्जर ने बताया कि कूनो पार्क की टीम एवं राजगढ़ फॉरेस्ट की टीम लगातार इस चीते की प्रत्येक हलचल पर नजर बनाए हुए है। वनकर्मियों ने बताया कि केपी-3 चीते की मां का नाम आशा है जो कूनो पार्क में ही है एवं इसके दो भाई केपी-1 और केपी-2 भी राजस्थान और अन्य क्षेत्र में विचरण कर रहे हैं।

इंसानों को हानि नहीं पहुंचा रहा चीता

जब से ये यह चीता कूनो से निकला है तब से अब तक इसके द्वारा इंसानों पर किसी भी तरह के हमले या हानि पहुंचाने का कोई मामला प्रकाश में नहीं आया है। इसलिए ग्रामीणों, आमजनों को भयभीत होने की आवश्यकता नहीं है बस थोड़ा एलर्ट रहने की अपील वन विभाग द्वारा की जा रही है।

सवारी से भरी चलती पीकअप का टायर निकलने से पलटी मारी, हादसा टला

खुजनेर। पचोर-जीरापुर स्टेट हाईवे वर रोमवार को सुस्तानी कचनारिया जोड के पास में एक सवारी से भरी चलती पीकअप का टायर निकल जाने से पलटी मार गई। जानकारी के मुताबिक पिकअप का बाएं तरफ का पिछला टायर अचानक निकल जाने से पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। पिकअप में करीब 20 से 25 महिला, पुरुष और बच्चे सवार थे। यह सभी ग्राम इकलेरा खामखेड़ा (राजस्थान) से तलेन क्षेत्र के ग्राम बारवा मानता कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। हादसे में किसी को गंभीर चोट नहीं आई है, हालांकि 4 से 5 लोगों को चोटें आई हैं। घायलों को उपचार के लिए शासकीय अस्पताल पचोर भेजा गया।

लापरवाहों पर सख्ती, सचिव सस्पेंड, 4 सीएमओ को शोकाज नोटिस, कलेक्टर व जिपं सीईओ का सख्त रुख

समय-सीमा बैठक में योजनाओं की समीक्षा में लापरवाही बरतने वालों पर हुई कार्रवाई

राजगढ़। शासन की विभिन्न हितग्राहीमूलक जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा में अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा लापरवाही बरतने पर कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा एवं जिला पंचायत सीईओ ने कार्यवाही की है। संबल योजना के तहत अंत्येष्टी सहायता योजना में संबंधित को राशि देने में लेटलतीफी करने वाले नरसिंहगढ़ जनपद के टिकरिया पंचायत सचिव विक्रम सिंह को सस्पेंड कर दिया गया।

इसके साथ ही ई-केवायसी कार्य में ढिलाई और प्रगति असंतोषजनक पाए जाने पर नगर परिषद खिलचीपुर, माचलपुर, तलेन एवं जीरापुर को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। ई-केवाईसी में अपेक्षित प्रगति नहीं करने वाले अधिकारियों का वेतन रोकने के निर्देश भी दिए गए हैं। आयोजित बैठक में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा में लापरवाही पर कड़ा रुख अपनाते हुए कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि हितग्राहियों को समय पर सेवाएं उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है।

ई-अटेंडेंस के प्रति गंभीरता के निर्देश

कलेक्टर ने आधार जनरेशन एवं ई-केवाईसी कार्य में तेजी लाने के लिए विशेष शिविर आयोजित कर प्राथमिकता से कार्य करने के निर्देश दिए। सार्थक अटेंडेंस की समीक्षा करते हुए उन्होंथने निर्देश दिए कि अटेंडेंस कहां से दर्ज हो रही है, इसकी विस्तृत जांच की जाए। साथ ही सार्थक ऐप में कमजोर प्रदर्शन पर जिला योजना अधिकारी एवं आबकारी विभाग को नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए गए। बैठक में पीओ डूडा को भी नियमित रूप से अटेंडेंस दर्ज करने तथा आवश्यकता पड़ने पर भोपाल स्तर से जानकारी प्राप्त करने के निर्देश दिए गए।सार्थक अटेंडेंस में खराब प्रदर्शन पर बीएमओ नरसिंहगढ़ को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।

भाजपा की कामकाजी बैठक संपन्न, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर हुई चर्चा

नरसिंहगढ़। भारतीय जनता पार्टी मंडल नरसिंहगढ़ की कामकाजी बैठक स्थानीय विधायक कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में संगठनात्मक मजबूती, आगामी बैठकों एवं विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं को आगामी गतिविधियों की जानकारी देते हुए जिम्मेदारियां भी सौंपी गईं। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाना प्राथमिकता है। साथ ही आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया गया। जनसंपर्क बढ़ाने और पार्टी की नीतियों को आमजन तक पहुंचाने पर भी जोर दिया गया। इस अवसर पर जिला प्रभारी ध्रुव नारायण सिंह, जिलाध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर, विधायक मोहन शर्मा, भाजपा सह मीडिया प्रभारी अंशुल तिवारी, मंडल प्रभारी कैलाश राज, जिला मंत्री सतेंद्र सिंह, मण्डल अध्यक्ष देवेंद्र सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

रेलवे स्टेशन पर निःशुल्क जल प्याऊ का शुभारंभ

सारंगपुर। गर्मी के बढ़ते प्रकोप के बीच यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए श्याम परिवार द्वारा रेलवे स्टेशन पर निःशुल्क शीतल जल प्याऊ की शुरुआत की गई। इस प्याऊ का शुभारंभ मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्टेशन पर उपस्थित यात्रियों ने मंत्री जी से दूसरी ओर भी प्लेटफॉर्म निर्माण की मांग रखी, जिस पर मंत्री ने सकारात्मक आश्वासन दिया। इस अवसर पर श्याम परिवार द्वारा किए गए इस सेवा कार्य की सराहना की गई। उद्घाटन कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष एवं नपा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि निलेश वर्मा, महेश पाटीदार, मनीष चौरसिया, जुगलराज विश्वकर्मा, पवन कसेरा, जितेंद्र पुष्पद आदि प्रमुख रूप से शामिल थे। गौरतलब है कि भीषण गर्मी के मौसम में इस तरह की पहल यात्रियों के लिए राहत का कार्य करेगी।

देश के तीन राज्य में भाजपा की जीत पर मनाया जश्न

ब्यावरा। सोमवार को भारतीय जनता पार्टी की पश्चिम बंगाल में पहली बार, असम में लगातार तीसरी बार और पुडुचेरी में दूसरी बार भाजपा एनडीए गठबंधन के विधानसभा चुनावों में प्रचंड और ऐतिहासिक जीत की खुशी मनाई गई। इस दौरान राज्यमंत्री नारायणसिंह पंवार के साथ सभी जनप्रतिनिधि, जिला, मंडल पदाधिकारी विधानसभा क्षेत्र ब्यावरा के सभी कार्यकर्ताओं के द्वारा विजय उत्सव मनाया। इस दौरान मंत्री पंवार ने कहा कि यह ऐतिहासिक विजय हर उस कार्यकर्ता के अथक परिश्रम, समर्पण और संघर्ष का परिणाम है, जिसने दिन-रात संगठन के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया। यह जनादेश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व, उनकी जनकल्याणकारी नीतियों तथा समग्र विकास के प्रति जनता के अटूट विश्वास को दर्शाता है।

भाजपाईयों ने आतिशबाजी कर बांटी मिठाई

राजगढ़ में मनाया बंगाल की जीत का जश्न

राजगढ़। पश्चिम बंगाल में 15 साल बाद भारतीय जनता पार्टी को मिले प्रचंड बहुमत से उत्साहित भाजपाईयों ने जमकर जश्न मनाया। स्थानीय खिलचीपुर नाके पर क्षेत्रीय विधायक अमरसिंह यादव, मंडल अध्यक्ष सचिन मौर्य, नगर पालिका अध्यक्ष विनोद साहू सहित अन्य ने जमकर आतिशबाजी करते हुए एक-दूसरे को मिठाईयां खिलाते हुए जीत की बधाई दी।

इस दौरान नाका नंबर-3 पर आयोजित एक अल्प सभा में भाजपाईयों ने कहा कि यह पार्टी के हर उस निष्ठावान कार्यकर्ता की जीत है जो धैर्य के साथ, बंगाल पुलिस की पिटाई सहते हुए भी झंडा हाथ में लेकर घूम रहा था। यह उस हर भाजपाई की जीत है जो बंगाल में पनपी निरंकुशता को जड़ से खत्म करना चाहता था। यह हर उस मां, बहन के उस त्याग का फल है जिन्हें टीएमसी के राज में निवस्त्र किया गया, शीलहरण किया गया। सभा उपरान्त कई भाजपा कार्यकर्ताओं ने नगर में एक बाइक रैली का भी आयोजन किया जिसमें सभी जय श्री राम के नारे लगाते हुए चल रहे थे। विधायक अमरसिंह यादव ने कहा कि एक दिन ऐसा आएगा जब संपूर्ण भारत के प्रत्येक राज्य में भारतीय जनता पार्टी की सरकार होगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया वे इसी तरह समर्पण भाव के साथ पार्टी के लिए कार्य करते रहें।

विधायक कार्यालय पर गूंजे नारे

तीन राज्यों में भाजपा की जीत पर कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

नरसिंहगढ़। पश्चिम बंगाल, असम एवं पंडुचेरी में भारतीय जनता पार्टी की जीत पर स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने विधायक कार्यालय पहुंचकर जमकर आतिशबाजी की और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की खुशी साझा की।

कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने भाजपा के समर्थन में जोरदार नारेबाजी करते हुए पार्टी की नीतियों और नेतृत्व पर विश्वास जताया। कार्यकर्ताओं का कहना था कि यह जीत जनहितकारी योजनाओं और मजबूत नेतृत्व पर जनता के भरोसे का परिणाम है। इस मौके पर विधायक मोहन शर्मा, मंडल अध्यक्ष देवेंद्र सिंह, सतेंद्र सिंह, शिव वैध, रमेश मालवीय, राजू जड़िया, सुदीप शर्मा, कपिल वैध सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने एकजुट होकर जीत का जश्न मनाया और आगामी चुनावों में भी इसी तरह सफलता मिलने का विश्वास व्यक्त किया।

गोवंश वध का पर्दाफाश, हिंदू संगठनों में आक्रोश

गोवंश हत्यारे पुलिस के हत्थे चढ़े, 3 गिरफ्तार, 2 फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

गोवंश तस्करी में सबसे ज्यादा बदनाम रहने वाला सारंगपुर पुलिस थाना में रविवार को नवागत थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी ने एक बड़ी कार्रवाही करते हुए नगर में लंबे समय से चल रहे गोवंश का वध कर मांस सप्लाई का अवैध धंधे करने वालों का भांडा फोड़ किया है। पुलिस ने मौके से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि दो आरोपी अब भी फरार बताए जा रहे हैं। इस घटना के बाद क्षेत्र में तनावपूर्ण माहौल बन गया था घटना के दौरान पुलिस अधीक्षक स्वयं उपस्थित रहे।

पुलिस अधीक्षक राजगढ़ अमित तोलानी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक केएल बंजारे एवं एसडीओपी सारंगपुर अरविंद सिंह के निर्देशन में कार्रवाई की गई। जानकारी के मुताबिक रविवार को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि अकोदिया नाका क्षेत्र के समीप एक सुनसान खेत में कुछ लोग गोवंश का वध कर उसके मांस एवं अवशेषों को बेचने की तैयारी कर रहे हैं। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी उपनिरीक्षक राहुल रघुवंशी और उनकी टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए पटेलवाड़ी के पीछे स्थित जंगल क्षेत्र में एक किसान के खेत पर दबिश दी। मौके पर पहुंचते ही पुलिस को गोवंश के अवशेष मिले, जिससे पूरे मामले की गंभीरता स्पष्ट हो गई। पुलिस को देखते ही आरोपी भागने लगे। टीम ने तत्परता दिखाते हुए करीब एक किलोमीटर तक पीछा कर एक आरोपी को धर दबोचा, जबकि अन्य आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए।

यह आरोपी गिरफ्तार

गोवंश की हत्या के आरोपी जाकिर पिता मोहम्मद हुसैन (40 वर्ष), निवासी मुकेरवाड़ी सारंगपुर के रूप में हुई। पूछताछ के दौरान उसने अपने साथियों के नाम आमीन पिता यूनुस निवासी पटेलवाड़ी सारंगपुर एवं जाकिर पिता अजीज खां निवासी कंजर मोहल्ला, देवास के बताए जो फिलहाल फरार हैं। आरोपी के मेमोरण्डम के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मेहबूब उर्फ लंगड़ा पिता मुंशी खां एवं जफर उर्फ भैय्यू पिता मुंशी खां, दोनों निवासी वार्ड क्रमांक 15 बड़ा कसाई बाड़ा, सारंगपुर को गिरफ्तार किया है।

मौके से हथियार और वाहन जब्त

पुलिस ने घटनास्थल से गोवंश के अवशेषों के साथ-साथ वध में प्रयुक्त धारदार हथियार जैसे छुरी, बक्का, कुल्हाड़ी और फावड़ा जब्त किए हैं। इसके अलावा एक मोटरसाइकिल भी बरामद की है। सभी जब्त सामग्री को सीलबंद कर आरोपियों के खिलाफ मध्यप्रदेश गोवंश वध प्रतिषेध अधिनियम 2004 की धारा 4, 6, 9 तथा पशु क्रूरता अधिनियम की धारा 11(1)(5) के तहत प्रकरण दर्ज किया है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जा रहा है, जबकि फरार आरोपियों की तलाश के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है। कार्रवाई में उपनिरीक्षक दीपक परमार, आरक्षक शुभम बिरथरे, सुनील हिनोतिया, विकास भदौरिया, राहुल और बनवारी सहित पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

क्षेत्र का पुराना कनेक्शन भी आया सामने

उल्लेखनीय है कि जिस स्थान पर यह कार्रवाई हुई है, वहां करीब 10 वर्ष पूर्व भी गोवंश के अवशेष मिलने का मामला सामने आया था। उस समय भी मामला काफी चर्चाओं में रहा था और पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार किया था। इससे स्पष्ट है कि यह क्षेत्र लंबे समय से इस तरह की अवैध गतिविधियों के लिए संवेदनशील रहा है।

हिंदू संगठनों की मांग, सख्त कार्रवाई हो

घटना के बाद विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश है। संगठनों ने आरोपियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए आरोपियों के मकानों को ध्वस्त करने और सार्वजनिक रूप से जुलूस निकालने की मांग प्रशासन के सामने रखी है। वहीं मामले की गंभीरता को देखते हुए क्षेत्र में पुलिस की सतर्कता बढ़ा दी गई है।